हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 12 जुलाई 2024

06 आदिवासी छात्राओं के साथ मनाया जन्मदिवस...



07 पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने सैकड़ों बटुकों संग...





## खबर संक्षेप

### कल जगदीश स्वामी की रथ यात्रा निकलेगी



**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ(इस्कॉन) की विदिशा शाखा द्वारा 13 जुलाई शनिवार को जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। इस्कॉन संस्था द्वारा पूरे विश्व में लगभग 150 देशों में जगन्नाथ जी की रथयात्रा का आयोजन किया जाता है। शनिवार शाम 5 बजे से चिंतामन गणेश डंडापुरा से निकलने वाली रथयात्रा नगर के प्रमुख बाजारों से होती हुई सत्संग भवन बालविहार पर विश्राम लेगी। में इस वर्ष भगवान जगन्नाथ जी को 250 भोग अर्पित किए जाएंगे, जो बाद में पूरे रथ यात्रा मार्ग पर वितरित किए जाएंगे। इस वर्ष विशेष रथ इंदौर से आ रहा है और भगवान के विग्रह जगन्नाथपुरी धाम से आएंगे। साथ ही इस आयोजन का दूसरा मुख्य आकर्षण सिंगापुर से आई कीर्तन टीम द्वारा डांसिंग कीर्तन रहेगा।

### आधार निगरानी समिति की बैठक आज होगी

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। जिले में आधार परियोजना के सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में सांय 4.30 बजे से प्रारंभ होगी।

### पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ हुआ

**विदिशा।** प्रदेश में 108 एम्बुलेंस की तर्ज पर पीएम एयर एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ की गई है। इसका उद्देश्य अत्यंत गंभीर रोगियों, दुर्घटना पीड़ितों को विशेष चिकित्सकीय उपचार हेतु प्रदेश एवं देश के उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में तुरंत परिवहन कर स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा सकेगा। इसके लिए राज्य में एक हेली एम्बुलेंस एवं एक फिक्स्ड विंग कंवर्टेड फ्लाइंग एम्बुलेंस संचालित होंगे जो सभी जिलों को कवर करेंगे। एयर एम्बुलेंस सेवा केवल दिन के समय संचालित की जाएगी।

### शालेय वार्षिक पत्रिका उड़ान का विमोचन

**विदिशा।** कलेक्टर ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शालेय वार्षिक पत्रिका उड़ान का विमोचन कर पत्रिका प्रकाशन की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विदिशा द्वारा शालेय पत्रिका उड़ान 2023-24 का प्रकाशन छात्र-छात्राओं में साहित्यिक एवं बौद्धिक प्रतिभा उन्नयन का अच्छा माध्यम है।


### एक पौधा मां के नाम अभियान जारी

**विदिशा।** प्रदेश शासन के आव्हान पर एक पौधा मां के नाम अभियान की शुरुआत 6 जुलाई से की गई थी। अभियान के तहत जन अभियान परिषद व अन्य स्वंय सेवी संस्थाएं, जिला प्रमुख अधिकारी, व्यापारी संगठन आगें आकर पौध रोपित कर रहे है एवं उसकी सुरक्षा का संकल्प ले रहे हैं।

### एक प्रकरण में आर्थिक मदद जारी

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सड़क दुर्घटना में मृतक के निकटतम परिजन को दो लाख रुपए की आर्थिक मदद जारी कर दी है। रामबाबू पुत्र निहाल सिंह अहिरवार निवासी ग्राम रसूलपुर तहसील त्योंदा की मृत्यु हो जाने पर मृतक की मॉं रामप्यारीबाई बेवा निहाल सिंह अहिरवार को तथा हरीशंकर पुत्र रामप्रसाद शर्मा निवासी ग्राम ढिमरोली तहसील सिरोंज की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो जाने पर मृतक की पत्नी चंदाबाई शर्मा सहित प्रत्येक को दो-दो लाख की सहायता जारी की गई है।

## बारिश रुकी: धान के खेतों में चलीं दरारें ट्यूबवेलों का वाटर लेवल भी नहीं बढ़ा



हैदरगढ़। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बारिश न होने के कारण धान के गढ़े सूखने लगे हैं। जिन किसानों के पास सिंचाई के साधन हैं उनका वाटर लेवल तक अभी नहीं बढ़ा है। जिससे किसान अपने साधनों से गढ़े नहीं भर पा रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶हैदरगढ़

क्षेत्र में कई दिनों से बारिश न होने के कारण धान के गढ़े सूखने लगे हैं। विगत दो दिन हुई बारिश में धान के गढ़े भर गए थे, किसानों ने बारिश होने की उम्मीद में गढ़ों में धान रोप दी। लेकिन पिछले पांच दिनों से बारिश न होने के कारण धान के गढ़ों दरारें चलने लगी हैं। पर्याप्त बारिश न होने के कारण अभी किसानों के बोर और टयूबवेंलों का जल स्तर भी नहीं बढ़ा है। जिसके कारण किसान परेशान हैं। जिलेभर में धान का रकबा बढ़ता जा रहा है, लेकिन विगत वर्ष अल्प वर्षा के कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ा था। वहीं इस साल भी अभी तक धान के लिए पर्याप्त बारिश नहीं हो पाई है। बारिश न होने के कारण किसान चिंतित दिखाई दे रहे हैं।

### 48 घंटे में अंधे कत्ल का खुलासा, चार आरोपी शामिल, जेल भेजा

## हत्या के बाद आरोपी ने 2 दिन तक मृतक का शव अपने घर पर भूसे में छुपाकर रखा

आधी रात को सुनसान जंगल में फेंका था, मृतक के आरोपी की पत्नी के साथ थे अवैध संबंध, दो साल पहले अवैध संबंध को लेकर हुई थी मारपीट

**गड्ढा खोदकर दफन किए शव को निकाला**



विदिशा। शिनाख्ती होने के बाद शव को जमीन में से निकालकर परिजनों को सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद

8 जुलाई काछीखेड़ा व डंगरबाड़ा के बीच जंगल किनारे अज्ञात शव मिलने के मामले में शमशाबाद पुलिस ने खुलासा किया। शव डंगरवाड़ा के मनमोहन शर्मा का है और हत्या कर शव ठिकाने लगाने का मामला सामने आया है।

एसपी दीपक शुक्ला के निर्देश पर एएसपी प्रशांत चौबे के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में एक टीम गठित की गई। जिसमें थाना प्रभारी जसवंत सिंह मीणा, उप निरीक्षक प्रकाश भिलाला, एएस आई प्रेम नारायण शर्मा, राजू रघुवंशी, प्रधान आरक्षक महेश पाठक, भगवान सिंह, आरक्षक गजराज दुबे, अजीत सिंह, राहुल मालवीय, प्रवेश जाट,मनीष सेन,,प्रियंका शर्मा, शिवानी मिश्रा को शामिल किया गया। प्रकरण में गठित टीम ने लगातार मृतक की पहचान एक अज्ञात आरोपी की तलाश में आसपास के गांव, सभी थाना क्षेत्र में पैंपलेट चस्पा किए गए। डंगरबाड़ा में अज्ञात मृतक के संबंध में 10 जुलाई को बताया गया कि मनमोहन शर्मा पिता कोमल प्रसाद शर्मा 6 जुलाई से गांव में नहीं है। एवं उसी रात 11 बजे मनमोहन शर्मा व गुड्डू कोरी के बीच झगड़ा हुआ था। इसी सूचना के आधार पर मृतक के पुत्र पंकज शर्मा को थाने में बुलाकर मृतक के फोटोग्राफ, अंगूठी कपड़े दिखाए गए। आधार पर बेटे ने मृतक को अपने पिता मनमोहन शर्मा के रूप में पहचाना।

पुलिस ने मृतक की हत्या में शामिल गुड्डू कोरी, गीता कोरी, मोनू कोरी, बृजेश यादव को लाकर पूछताछ की गई। जिसमें उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर बताया कि गुड्डू कोरी को अपनी पत्नी और मृतक के बीच अवैध संबंध की शंका थी। इसी शंका के आधार पर 6 जुलाई को रात में मनमोहन शर्मा को शराब पिलाकर उसकी हत्या कर दी। दो दिन उसके शव को अपने घर में भूसे के ढेर में दबाकर रखा दूसरे दिन 7 जुलाई रविवार को रात 2 से 3 बजे के बीच मनमोहन शर्मा के शव को आरोपी गुड्डू कोरी, बृजेश यादव बाइक से जंगल में फेक आए। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त वाहन घटना को अंजाम देने में प्रयोग किए गए हथियार,चाकू, डंडा, मृतक मनमोहन के कपड़े मोबाइल जब्त किए गए। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। दो साल पहले भी मृतक और आरोपी के बीच इसी बात को लेकर मारपीट भी हुई थी। आरोपियों ने मनमोहन शर्मा की हत्या करने के बाद उसके शव को एक दिन घर में ही रखा। इसके बाद अगले दिन शव को बोरी में भरकर जंगल में फेक दिया। पुलिस ने मौके पर फारेंसिक टीम को बुलाकर जांच कराई। मृतक के सिर पर गहरी चोट व शरीर में जगह जगह चोटों के निशान थे।

## व्यापारियों और हम्मालों के बीच का विवाद सुलझा, 12 से खुलेगी कृषि उपज मंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

व्यापारियों और हम्मालों के बीच रेट को लेकर चल रहे विवाद के कारण दो जुलाई से कृषि उपज मंडी बंद थी। गुरुवार को दोनों के बीच का विवाद सुलझ गया।

अब 12 जुलाई से मंडी में नीलामी कार्य फिर से शुरू हो जाएगा। विवाद के कारण करीब 10 दिन तक विदिशा कृषि उपज मंडी बंद रही। व्यापारी और हम्मालों के बीच निजी घरेलू काम की मजदूरी की दरों के निर्धारण को लेकर विवाद की स्थिति बनी थी। 10 दिनों से पारिश्रमिक हम्माली दरों को लेकर मंडी में नीलामी बंद रही। हालांकि प्रतिदिन बैठक कर मामले को निपटाने का प्रयास किया गया। गुरुवार को एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद मामला निपट गया। बैठक में व्यापारियों की 60 किलो भरती की हम्माली दरें अलग से निर्धारित की गईं। व्यापारियों द्वारा इसी मांग को लेकर हड़ताल की जा रही थी। अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने सभी किसानों से अपील की है कि अपनी उपज विक्रय के लिए अब मंडी में ला सकते हैं।

## एक महीने से बंद जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र अब जारी हो सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जन्म-मृत्यु पंजीयन के लिए समय सीमा में प्राप्त आवेदनों के प्रमाणपत्र जारी करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु पोर्टल 27 जून से प्रारंभ हो चुका है। पिछले एक महीने से लोगों के जन्म एवं मृत्य प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहे थे। पुराने जन्म प्रमाणपत्र को डिजीटल बनवाने के बाद ही आधार कार्ड अपडेट हो पाता है। लेकिन नगरपालिका में जन्म प्रमाणपत्र डिजीटल करने की प्रक्रिया भी करीब एक महीने बंद थी। जन्मप्रमाण पत्र डिजीटल बनाने के नाम पर नगरपालिका में 80 रुपए हितग्राहियों से वसूले जा रहे हैं।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने निर्देशित किया है कि ऐसे समस्त लंबित प्रकरणों की सूची, जिनकी सूचना 30 दिन के भीतर प्राप्त हो चुकी है, संलग्न प्रारूप में उक्त प्रकरण पोर्टल पर दर्ज नहीं किए जाने के कारण सहित, पत्र के साथ पोर्टल पर एवं हार्डकापी में जिला कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

### सीएम राइज की निर्माण एजेंसियों की बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में सीएम राइज विद्यालयों में निर्माण कार्य को क्रियान्वित करने वाली निर्माण एजेंसियों व विद्यालय की समीक्षा बैठक 12 जुलाई को आयोजित की गई है। निर्माण एजेंसियों की बैठक कलेक्टेट के बेतवा सभागार में शाम 5 बजे से शुरू होगी। बैठक में सीएम राइज विद्यालयों में वर्तमान निर्माण की स्थिति, निर्माण संबंधी फोटोग्राफ्स तथा आवंटन, आय व्यय समुचित जानकारियों के साथ सीएम राइज विद्यालयों के प्राचार्यो को नियत समय व स्थान पर उपस्थित होने की सूचनाएं दी गई हैं।

## 15 लाख रुपए के ऑनलाइन फ्रॉड का मामला सामने आया

इस मामले को सुलझाना पुलिस के लिए बना चुनौती, कलेक्टर भी ऑनलाइन ठगी रोकने के दे चुके हैं निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाजी बली तालाब में 15 लाख 14 हजार के ऑनलाइन फ्रॉड का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हाजीबली तालाब निवासी हर्ष श्रीवास्तव ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई है। युवक को ऑनलाइन के माध्यम से किसी प्रकार का कोई गिफ्ट भेजा गया था। जो रिसीव न होने और वापस भेजने के संबंध में भेजने वाले व्यक्ति ने बातों में उलझाकर उससे बड़ा अमाउंट ठग लिया। इस बात की शिकायत सिविल लाइन थाने में आवेदन देकर की गई है। इस पूरे मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे का कहना है कि बुधवार रात को एक आवेदन थाने में आया है। मामले की जांच की जा रही है।




उन्होंने बताया कि कई बिंदु ऐसे हैं जो अभी समझ से परे हैं। कई चीजें समझना और पूछना बाकी है। फिलहाल आरटीजीएस के तहत 15 लाख 14 हजार की जो राशि ट्रांसफर की गई है वह ऑनलाइन ठगी के रूप में मानी जा सकती है। मामले की जांच की जा रही है। ऑनलाइन फ्रॉड का जिले का अब तक का यह सबसे बड़ा मामला बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## कार्यकर्ता व सहायिकाओं की चयन सूची जारी हुई

15 जुलाई तक प्राप्त की जाएंगी दावे आपत्तियां

**विदिशा।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की अंतिम चयन सूची कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना नटेरन द्वारा जारी की गई है। नटेरन परियोजना अंतर्गत एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा 12 सहायिकाओं का चयन हुआ है। चयन पर 15 जुलाई तक परियोजना कार्यालय नटेरन, जिला विदिशा में दावा आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की चयन सूची में आंगनबाड़ी केंद्र नेहरयाई में कार्यकर्ता पद के लिए रोशनी यादव तथा आंगनबाड़ी केंद्र महूठा में सहायिका पद के लिए संगम सेन, आंगनबाड़ी केंद्र पिपलधार में सहायिका पद के लिए अंजो अहिरवार, अमरपुर में सहायिका पद के लिए रेखा अहिरवार, खूसौर में सहायिका पद पर विनीता कुशवाह, पिपरिया में सहायिका पद पर राजश्री अहिरवार, मूड़रा शेरपुर में सहायिका पद पर रजनी चिढ़ार, इस्लामनगर बबचिया में सहायिका पद पर रफीला बी, इमलिया में सहायिका पद पर ज्योति मीना, मुडरी खिरनी में सहायिका पद पर राजबाई जाटव, राजौदा में सहायिका पद पर वैशाली रघुवंशी, पड़रिया जागीर में सहायिका पद पर शहनाज, शमशाबाद में सहायिका पद पर सुहानी मोदी के नाम शामिल हैं।

### विदिशा स्टेशन पर एक घंटे रुकी रही ट्रेन, अन्य ट्रेनें भी हुई लेट

## भोपाल से विदिशा होकर बीना के रास्ते जोधपुर जाने वाली फास्ट पैसेंजर के ब्रेक शू चिपकने से पहिए से निकला धुआं

**ट्रेन के इंजन के ठीक पीछे की बोगी के पहिए से निकला था धुआं, यात्रियों के बीच मच गई थी चीखपुकार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

भोपाल से चलकर विदिशा होकर बीना के रास्ते जोधपुर जाने वाली फास्ट पैसेंजर के पहिए में अचानक आग लग गई। विदिशा रेलवे स्टेशन पहुंचने के पहले ही तेज धुआ और आग देखकर डिब्बे में बैठे लोगों ने चिल्लाकर ट्रेन रोकने को कहा। स्टेशन के नजदीक होने और ट्रेन में तेज धुआं और आग की सूचना मिलते ही आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे स्टेशन के कर्मचारी तुरंत ट्रेन के पास पहुंचे। सभी ने मिलकर आग को काबू किया। इस आग और धुएं की वजह से यात्रियों में दहशत फैल गई। घटना गुरुवार शाम 6 बजे की बताई जा रही है। काबू करने के बाद ट्रेन को प्लेटफार्म पर ले जाया गया। जहां पूरी बोगी की बारीकी से दोबारा जांच की गई और




**विदिशा।** ट्रेन के पहिए में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते कर्मचारी।

7 बजे के बाद ट्रेन को बीना की ओर रवाना किया गया। रेलवे के सूत्रों ने बताया कि ब्रेक शू चिपकने के कारण यह आग लगी थी। ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों ने बताया कि विदिशा स्टेशन के पहले बेतवा नदी के पुल से ही ट्रेन के इंजन के ठीक पीछे की बोगी से धुआं उठाना शुरू हो गया था। समय रहते आग पर काबू नहीं किया जाता तो बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। इस घटना के चलते भोपाल की ओर से आ रही अन्य ट्रेनों को पिछले स्टेशनों पर ही रोक दिया गया। जिसके कारण अन्य ट्रेन भी विलंब से चलीं।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-3900
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-2790
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2476
उच्चतम भाव- 2476
चना
न्यूनतम भाव- 2700
उच्चतम भाव- 6830
मसूर
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-6360
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-4426
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-5162
उच्चतम भाव-5840
सरसों
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5801
उड़द
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-7730
मूंग
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7830
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-2360
बटरी
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-7430
धना
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5000
ज्वार
न्यूनतम भाव-1635
उच्चतम भाव-1635

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में गुरूवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 6854 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### सांड आपस में भिड़े



**गंजबासौदा।** पचमा बायपास मार्ग पर दो सांड आपस में लड़ गए। जिससे देर तक गली में आवागमन बंद रहा, लोग दूसरे मार्ग से होकर निकले। वहीं रहवासी सांडो के ऊपर पानी डालकर लड़ाई शांत करने का प्रयास करते रहे। लगभग 20 मिनिट बाद सांडो की लड़ाई शांत हुई और गली से आवागमन शुरू हो सका।

### हैंडपंप को दुरुस्त कराया



**गंज बासौदा।** नगर के पचमा बायपास मार्ग पर लगा हैंडपंप खराब पड़ा था। जिससे वार्ड के रहवासियों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा था। गुरुवार को संबंधित विभाग के कर्मचारियों ने हैंडपंप को खोलकर उसकी लाइन को दुरुस्त कर ठीक किया। जिससे अब रहवासियों को पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

### अनिल दाऊ फाउंडेशन ने परिवार की छोटी बेटी के जन्मदिवस पर किया आयोजन

# आदिवासी छात्राओं के साथ मनाया जन्मदिवस, बांटी पाठ्य सामग्री





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**

प्रतिवर्ष गर्मियों में आदिवासी परिवारों को चप्पल, आइस्क्रीम, चॉकलेट, साड़ियों का वितरण और सर्दियों में गर्म कपडों के वितरण के बाद अब अनिल दाऊ सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने नई पहल की है। इस बार फाउंडेशन ने अपने परिवार की सबसे छोटी बेटी के जन्मदिवस को आदिवासी छात्राओं के बीच पहुंचकर मनाया। साथ ही इन छात्राओं को पाठ्य सामग्री के साथ उपहार आदि भी भेंट किए।

उल्लेखनीय है कि फाउंडेशन द्वारा पिछले कई वर्षों से ग्राम कोहना, गऊचर, बडीवीर आदि की आदिवासी बस्तियों में पहुंचते हैं। जहां वे भीषण गर्मी में इन आदिवासी परिवारों को राहत देने के लिए उन्हें चप्पलें, साडियां, आईस्क्रीम, चॉकलेट आदि भेंट करते हैं। साथ ही सर्दियों में भी फाउंडेशन द्वारा इन बस्तियों में गर्म कपडों, कंबलों का वितरण किया जाता है। इसके अलावा प्रति नववर्ष पर श्मशान घाटों की साफ सफाई भी की जाती है। अब फाउंडेशन ने अपने परिवार के सदस्यों का जन्मदिवस अनूठे ढंग से मनाने की शुरूआत की है। फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य एवं नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने अपनी नातिन आरू पुत्री साक्षी अमित यादव के जन्मदिवस अनूठे ढंग से मनाने का विचार किया और इसके लिए ग्राम भिलायां के शासकीय कन्या आदिवासी आश्रम शाला का चयन किया गया। इससे पूर्व भी अनिल दाऊ फाउंडेशन के सदस्य बिरसा मुंडा जयंती के मौके पर भी इसी आदिवासी आश्रम शाला छात्रावास में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर चुके हैं।

गुरूवार को फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने ग्राम भिलायां के शासकीय कन्या आदिवासी आश्रम शाला पहुंचकर वहां मौजूद छात्राओं के साथ मिलकर केक काटा और उन्हें उपहार स्वरूप पुस्तक, कॉपी, पानी बोतल, पेंसिल, रबर सहित अन्य सामग्री भेंट की। इस मौके पर वहां मौजूद छात्रावास अधीक्षिका अनीता भलावी, प्रिंसिपल एवं शिक्षिकाओं का फूल माला और शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर छात्राओं और शैक्षणिक स्टाफ को भोजन भी कराया। अनिल दाऊ फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य देवेंद्र यादव ने बताया कि अधिकतर लोग अपने जन्म दिवस और वैवाहिक वर्षगांठ के मौके पर मंदिर, अनाथ आश्रम, होटल इत्यादि में जाकर खुशियां मनाते हैं। लेकिन अनिल दाऊ फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा जन्मदिवस का आयोजन आदिवासी परिवारों की छात्राओं के बीच पहुंचकर मनाया।



इस अवसर पर सभी ने छात्रावास की व्यवस्थाओं और सुविधाओं को देखकर छात्रावास अधीक्षिका अनीता भलावी को साधुवाद दिया और उनके प्रयासों की सराहना की।

इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पूजन अर्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम से जहां छात्रावास में मौजूद छोटी-छोटी छात्राओं के चेहरे पर प्रसन्नता नजर आई वहीं दूसरी ओर अन्य लोगों को भी इस तरह के कार्यक्रम करने का एक अच्छा संदेश भी पहुंचा। कार्यक्रम के दौरान अनिल दाऊ फाउंडेशन के सदस्यगण सुनील यादव, सुरेंद्र सिंह दांगी, राजेंद्र व्यास, मनोज यादव, विजय अग्रवाल, योगेंद्र समैया पप्पू भैया, नीरज जैन, अजय समैया डब्लू भाई, पत्रकार आशीष रघुवंशी, राजा छारी, नितिन यादव, सनी व्यास, दंगल यादव के अलावा अन्य सदस्य गण एवं ग्राम के लोग भी मौजूद रहे।

# मोहर्रम कमेटी की बैठक आयोजित कर दिए निर्देश



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**

आगामी समय में आने वाले मोहर्रम पर्व को लेकर तहसील के पटवारी सभाकक्ष में शाम 4 बजे शांति समिति एवं मोहर्रम कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसडीएम विजय राय, देहात थाना टीआई हरिकिशन लोहिया, यातायात प्रभारी सूबेदार आशीष राय सहित मोहर्रम कमेटी के सदस्य, डीजे संचालक, व्यापारी संघ के सदस्य ,सवारी संचालक एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बैठक में ताजियों के सफर के साथ ही उनके जुलूस, विसर्जन आदि को लेकर जानकारी साझा की गई और तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही प्रशासन द्वारा सभी को शांतिपूर्ण ढंग से और पूरे सौहार्द्रपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने के निर्देश दिए गए।

### ट्रेन में पड़ रही भीड़, यात्री हो रहे परेशान

**गंज बासौदा।** इन दिनों शादियों के सीजन और कुछ ट्रेनें बंद होने की वजह से ट्रेनों में अधिक भीड़ चल रही है। ट्रेन में रेल यात्रियों को जनरल बोगियों में पैर रखने जगह नहीं मिल रही है, रेल यात्रियों को रिजर्वेशन बोगी में खड़े होकर यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ज्ञात हो की शादी के 15 जुलाई तक मुहूर्त हैं। कई ट्रेन इस समय अस्थाई रूप से बंद हैं। कई ट्रेनों के रूट चेंज किए गए हैं। यात्रा के लिए कुछ ही ट्रेन ही बची हुई हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत कम दूरी की यात्रा करने वाले लोगों को आ रही है। शादी विवाह के चलते लंबी दूरी की ट्रेनों में भी भीड़ चल रही, इस समय ट्रेनों में ज्यादा भीड़ होने के कारण सफर करना मुश्किल हो रहा है। उधर जो ट्रेन चल रही हैं, उनमें भी जनरल बोगियों की संख्या काफी कम कर दी गई है। ऐसे में कम दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को जनरल बोगी में जगह न मिलने के कारण स्लीपर और एसी कोच में मजबूरी के कारण यात्रा करना पड रही है। इसमें भी जनरल बोगी के टिकट पर स्लीपर या एसी कोच में यात्रा करने पर टीटीई, आरपीएफ द्वारा यात्रियों की रोका टोकी की जाती है और जुर्माना भी लगाया जाता है। ऐसे में आए दिन यात्रियों की टीटीई और जवानों के साथ बहस भी हो रही है।

# सड़कों पर लगने वाले फल, सब्जी के हाथ ठेले बन रहे यातायात में बाधक



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**

इन दिनों नगर के अनेक स्थानों जैसे पाराशरी नदी के पुल, सिटी थाना के पास, बरेठ रोड, स्टेशन रोड पर सडक किनारे बेतरतीब खडे फल, सब्जी के ठेले यातायात में बाधक बन रहे हैं। पूर्व में नगरपालिका द्वारा इन फल, सब्जी ठेला संचालकों को मुख्य मार्ग से हटवा दिया गया था। लेकिन कुछ दिन बाद फिर से इन फल, सब्जी ठेला संचालकों ने सड़क पर ठेले लगाना शुरू कर दिया है। पहले से ही दुकानों का सामान सडक तक जमा रहता है। उसके बाद ठेले लग जाने से सडक और भी संकरी हो जाती है। ऐसे में ठेले वाले भी बेतरतीब ढंग से ठेले लगा लेते हैं। जिससे अव्यवस्था और भी बढ जाती है। सड़क पर ठेले लगने और वाहन खड़े कर लोग खरीदारी करने से यातायात व्यवस्था गड़बड़ा रही है। मार्ग सकरा हो जाने से पैदल राहगीर, दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को आवागमन में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी तो सुभाष चौक, रेलवे स्टेशन के बाहर, बरेठ रोड पर जनपद कार्यालय के आसपास, नया बस स्टैंड के प्रवेश मार्ग पर उठानी पड रही है। नागरिकों एवं वाहन चालकों ने नपा एवं यातायात पुलिस से मुख्यमार्ग पर लगने वाले हाथ ठेलों को सुनिश्चित स्थान पर लगवाए जाने की मांग की है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत थाना परिसरों में किया गया पौधरोपण, पौधों के देखभाल की भी ली जिम्मेदारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश भर में एक पेड मां के नाम से सतत पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत गुरूवार को एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में पुलिस थाना परिसरों में पौधरोपण किया गया। जिसमें देहात बासौदा परिसर में थाने के समस्त स्टाफ, अधिकारी, कर्मचारी गणों द्वारा थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया के नेतृत्व में करीब 100 पौधे परिसर में लगाए गए एवं उनकी सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड भी लगाए गए। इसी के साथ वायुदूत एप्लीकेशन पर पौधों के संबंध में फोटो एवं जानकारी अपलोड की गई है। इसके उपरांत दो माह बाद पौधे की ग्रोथ कैसी है इस संबंध में भी फोटो अपलोड किया जाएगा। जिस पर स्टाफ द्वारा तय किया गया कि अपने-अपने पौधे की प्रतिदिन अपनी मां की तरह देखभाल करेंगे। उधर त्योंदा पुलिस थाना परिसर एवं कस्बा बागरोद चौकी परिसर में भी पौधरोपण किया गया। थाना परिसर में आम, बबूल, बरगद, कटहल, पीपल, जामफल के पौधे लगाए गए। इस दौरान थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी, शिवप्रसाद विश्वकर्मा, जेपी साहू, प्रवेश, अनिल साहू, सत्येन्द्र ठाकुर, तरुण बेदी, महिला आरक्षक खुशबू यादव, पूनम यादव एवं पत्रकार और ग्रामीण मौजूद थे।









### अस्पताल में मरीज को मारा चाकू, पीड़ित ने नहीं की रिपोर्ट

# चाकूबाजी की घटनाओं में दो घायल, एक रेफर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**

बीती रात त्योंदा के शिवनगर क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना हो गई। जिसमें युवक को पीठ में चाकू मार कर घायल कर दिया गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल विदिशा रेफर किया गया। वहीं नगर के शासकीय अस्पताल में भर्ती एक युवक को भी पुरानी रंजिश पर कुछ लोगों ने चाकू मारकर घायल कर दिया और भाग निकले। अब पुलिस दोनों मामलों में जांच एवं कार्रवाई कर रही है।

जानकारी के अनुसार त्योंदा निवासी शफीक खान उम्र 25 वर्ष शिवनगर क्षेत्र में घूम रहा था। तो वहीं त्योंदा के मंगल भवन में सुनेटी निवासी एक परिवार में लड़की की शादी समारोह का आयोजन किया जा रहा था। जिसके लिए डीजे के साथ बारात निकाली जा रही थी।



उस दौरान मुख्य मार्ग पर शफीक खान को पीछे से पीठ में चाकू मार दिया गया। जिससे शफीक खान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद आसपास के रहवासी शफीक को उपचार के लिए त्योंदा के शासकीय अस्पताल पहुंचे। जहां शफीक खान की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल विदिशा रेफर कर दिया। बताया जाता है कि विदिशा से भी शफीक को भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल चाकू बाजी की घटना में आरोपियों का नाम सामने नहीं आया था और इस मामले में पुलिस बारातियों से भी पूछताछ कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। उधर बीती रात नगर के शासकीय राजीव गांधी अस्पताल में भर्ती एक मरीज के साथ देर रात करीब 10:30 बजे कुछ लोगों ने आकर चाकू से हमला बोल दिया और वारदात को अंजाम देकर बदमाश अस्पताल से भाग गए। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन और पुलिस ने मौके पर आकर जांच पड़ताल की। इसके बाद पुलिस ने अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग की जांच करते हुए आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन चाकूबाजी में घायल मरीज ने पुलिस में इस संबंध में कोई शिकायत ही दर्ज नहीं कराई।

इस संबंध में देहात थाना टीआई हरिकिशन लोहिया का कहना था कि इस घटना में घायल मरीज रिपोर्ट दर्ज कराने ही नहीं आया और अस्पताल से भाग गया। इसलिए कार्रवाई नहीं की गई है।

# आचार्यश्री के दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में अभय सेना के सहयोग से श्रमदान दल ने रोपे तीन पौधे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**

समाधिस्त आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के 57 वे दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में श्रमदान दल द्वारा जैन यूवाओ के संगठन अभय सेना के सहयोग से रेलवे स्टेशन के समीप स्थित निहारिका में नीम, जामुन और अशोक के तीन पौधे रोपे। गुरुवार को संपन्न हुए पौधरोपण कार्यक्रम में जहां श्रमदान दल ने अभय सेवा के सहयोग से ट्री गार्ड सहित दो पौधे लगाए तो तीसरा अशोक का पौधा ब्रह्मचारी मयूर भैया ने उपलब्ध कराया।

पौधारोपण के दौरान ब्रह्मचारी मयूर भैया ने आचार्य श्री के विद्याधर से विद्यासागर तक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यासागर जी महाराज के सामाजिक, साहित्यिक, योगदान के साथ साथ जीव कल्याण एवं पशु कल्याण के लिए किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही अभय सेवा की सानिध्य में जैन समाज के सहयोग से 57 पौधे लगाने का संकल्प लिया। अंत में त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर के पूर्व अध्यक्ष शैलेश जैन बड़कुल ऑटो पाट्र्स ने गुरुदेव के 57 वे दीक्षा दिवस के अवसर पर जैन समाज के लोगों से कम



से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया। श्रमदान दल के सदस्यों ने एक पौधा गुरुदेव के नाम कार्यक्रम के तहत अभय सेना एवं जैन समुदाय के लोगों से सहयोग देने की बात की। इस तरह श्रमदान दल अपने जन-जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम के साथ साथ एक पौधा गुरु के नाम के कार्यक्रम के तहत अभय सेना के सहयोग से 57 पौधे और रोपित करेगा। श्रमदान दल के आव्हान पर आयोजित किए गए पौधारोपण कार्यक्रम में अभय सेना के सदस्यों के अलावा श्रमदान दल के सदस्य एवं बडी संख्या में जैन समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### विद्यासागर महाराज का 57वां दीक्षा दिवस मनाया

**सिरोंज।** श्री दिगम्बर जैन बड़े मंदिर में मुनिश्री सुधासागर महाराज के निर्देश पर संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के 57वें दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यासागर विधान का आयोजन किया। जैन समाज के नेता संदीप चंपतिया ने कहा इस दीक्षा दिवस समारोह के अवसर पर जैन बड़े मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### आयुष विभाग द्वारा मेहर में औषधियों का वितरण

**सागर।** आयुष विभाग राज्य शासन एवं कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देश पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. जोगेंद्र सिंह ठाकुर के द्वारा ग्राम मेहर में हैजा रोग नियंत्रण एवं बचाव हेतु 4 टीमों का गठन कर घर-घर जाकर निःशुल्क आयुष औषधियों का वितरण किया गया। डॉ. ठाकुर ने बताया कि आज 431 पुरुष एवं 442 महिलाओं को दवाओं का वितरण किया गया।

### मूंग उपार्जन के लिए समितियों का निर्धारण

**सागर।** मूंग उपार्जन कार्य हेतु जिले में 27 समितियों को निर्धारित किया गया है। उपार्जन नीति के अनुसार जिले में मूंग उपार्जन का कार्य 31 जुलाई तक किया जाना है। फसल विक्रय हेतु, उपार्जन के 10 दिवस पूर्व तक सिलॉट बुकिग की सुविधा ई-उपार्जन पोर्टल पर उपलब्ध है। अतः किसान भाइयों से आग्रह है कि ऐसे किसान जिनके द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के पंजीयन कराये है व अपनी फसल को समर्थन मूल्य पर विक्रय करना चाहते हैं तो 19 जुलाई से पूर्व फसल विक्रय हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर फसल विक्रय के सिलॉट बुक करा लेवें जिससे आगामी असुविधा से बचा जा सके।

## प्रचार प्रसार के अभाव में हितग्राहियों को नहीं हो रही जानकारी

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना पर नपा और नपं नहीं दे रही ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

प्रदेश की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 15 जुलाई को सिरोंज में सामूहिक विवाह,निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उक्त साहूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर नगर पालिका व जनपद पंचायत ने 11 जुलाई शाम 5 बजे तक शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अनाउंसमेंट या किसी भी प्रकार से प्रसार-प्रचार नहीं किया और न ही सोशल मीडिया के माध्यम से सामूहिक विवाह सम्मेलन की किसी को जानकारी दी गई और न ही नपा व जनपद पंचायत ने कोई विज्ञप्ति जारी की। दोपहर दो बजे सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी ने सामूहिक विवाह एवं निकाह सम्मेलन के बारे में एक बैनर सोशल मीडिया पर शेयर किया। इस पर मीडिया ने एसडीएम से कहा कि आप ही सामूहिक विवाह का प्रचार-प्रसार के लिए बैनर पोस्ट शेयर रहे है यह कार्य तो नपा व जनपद पंचायत का है। तब जाकर शाम चार बजे के आसपास नपा ने अनाउंस्मेंट व एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की। लेकिन देर शाम तक जनपद पंचायत ने न तो कोई प्रेस विज्ञप्ति जारी की और न ही ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का कोई अनाउंसमेंट किया गया और जनपद पंचायत ने पंचायत सचिव व रोजगार सहायक को भी कागजों में ही सूचना दे दी।

नगर पालिका ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह,निकाह सम्मेलन का कार्यक्रम 15 जुलाई को कृषि उपज मंडी सिरोंज में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें नगर पालिका क्षेत्र के वर-वधू के आवेदन नगर पालिका कार्यालय में 14 जुलाई तक जमा किए जाएंगे। सम्मेलन में शामिल होने वाले वर वधू की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। आयु हेतु अंकसूची,टीसी,जन्मप्रमाणपत्र,मतदाता परिचयपत्र एवं अन्य दस्तावेज जो आयू सिद्ध करने हेतु कनूनी रूप से स्वीकार्य हों। आवेदन के साथ वर वधू की ई-केवायसी की समग्र आई डी,आधार कार्ड,आयू प्रमाणीकरण,वर वधु के मूल निवासी,प्रथम वार विवाह अथवा वैधानिक रूप से परित्यक्ता,तलाक सुधा होने का कानूनी प्रमाणीकरण,वर वधु के 3-3 पासपोर्ट साईज के फोटो,वधू की बैंक पासबुक डीबीटी सहित की छायाप्रति,वर के निकाय का शैचालय उपयोगिता प्रमाण पत्र दिनांक 14 जुलाई के पूर्व विवाह,निकाह न होने का प्रमाणपत्र संलग्न किया जा रहा है। शनिवार एवं रविवार अवकाश के दिनो में भी नपा कार्यालय में आवेदन जमा किए जाएगा और नपा कार्यालय खुला रहेंगा।

**इनका कहना है**

शासन प्रशासन से लेट जानकारी प्राप्त होने के कारण प्रसार-प्रचार लेट हो गया है।

**हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज

# नपा की व्यवस्था से हताश हो सफाई करने प्रशासन निकला सड़क पर

## एसडीएम ने गंदगी वाली जगहों पर पहुंचकर लोगों के बनाए चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शहर में चारो ओर गंदगी के अंबार लगे होने के कारण शहर के नागरिको द्वारा हमेशा अपने वार्ड व मोहल्लो में सफाई न होने को लेकर नपा कार्यालय में बार बार शिकायत की जाती है। लेकिन कई बार शिकायत करने के बाद भी नपा द्वारा कोई सफाई नही की जाती। आखिरकर सफाई के मुद्दे को लेकर एसडीएम हर्षल चौधरी ने नपा अमले के साथ सफाई अभियान का जायजा लेकर गंदगी वाली जगहों पर पहुचकर गंदगी करने वाले नागरिको के चालान बनाए। आखिर यह बात समझ के परे है कि नपा का इतना बडा अमला होने के बाद भी शहर के सफाई व्यवस्था क्यों नही हो पाती। सफाई व्यवस्था को लेकर प्रातः काल नपा सीएमओ,स्वास्थ्य अधिकारी आखिर नगर की साफ-सफाई का जायजा लेने के लिए क्यों नही निकलते। यह अधिकारी हमेशा कागजों में ही सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर वरिष्ठ अधिकारियो को संतुष्ट कर देते है। लेकिन यदि धरातल की स्थिति देखी जाए तो कहानी कुछ और ही नजर आती है।

### लोगों को गंदगी नहीं करने की हिदायत दी गई

गुरुवार को एसडीएम हर्षल चौधरी ने नगर पालिका अमले के साथ नगर के मण्डी बायपास रोड स्थित वाइन शॉप के समीप गंदगी फैलाने वाले नागरिको पर चालानी कार्रवाई की। साथ ही नागरिको को गंदगी न करने को लेकर हिदायत दी गई। इस दौरान नपा अमले ने वाइन शॉप के आस-पास गंदगी करने पर 2 हजार रूपये की चालानी कार्यवाही की।

# बजमे जिया और दूरदर्शन का शानदार मुशायरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




नगर के ऑल हाई स्कूल में बज़्म-ए-जिया और दूरदर्शन भोपाल के सहयोग से एक प्रदेश स्तरीय मुशायरा और पुस्तकों का विमोचन का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर उस्ताव शायर जिया असदी की किताब बहत्तर किरने और शायर फरमान जिमाई की कितावा ददै मिहां और नातिक मालवी मोनोग्राफ का विमोचन दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख जयंत श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि के हाथों से हुआ। इसके बाद डॉक्टर शान फख्री ने अध्यक्षता में मुशायरे का आयोजन हुआ। इजरा की अध्यदाता डा अली अब्बास उम्मीद ने की डा अनुमन्द बानो अफशा, डॉक्टर माहताब आलम, सला उद्दीन अनवर, मजाज़ कोरवाई, डॉ सादिक डॉ जफर सिरोंजी, सुलमान आजर, नौशे हैदर, इनायत अब्बास, ताहिर जिमाई, अजीज फराज, आसिफ सिरोजीं, फरमान जियाई से खूबसूरत तरन्नुम में दर्शकों का दिल जीत लिया। दूदर्शन के पेक्स,मो. इफ्तेखार, पेक्स देवेन्द्र वर्मा और दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख की शाल, प्रतीक चिन्ह और गुलदस्ते से अरवाने कलम हमीदिया कलिज भोपाल की सदर डॉ अरसुमन्द बानो अफशा ने सम्मान किया। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन फरमान जिमाई और अरजूमन बानो ने किया।

# पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने सैकड़ों बटुकों संग अपने नाती आशुतोष का कराया मुंडन, उपनयन व दीक्षा संस्कार भी

## दीक्षा लेकर अब कर्मकांडी बन गए बटुक ब्राह्मण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गढ़ाकोटा



गढ़ाकोटा के पीपल घाट स्थित श्री गणेश संस्कृत महाविद्यालय में पढ़ने वाले बटुक ब्राह्मणों का दीक्षा समारोह जगदीश शाला मंदिर पटेरिया में आयोजित किया गया। जिसमें 101 बटुक ब्राह्मणों का उपनयन संस्कार, धर्म की दीक्षा देकर उन्हें कर्मकांडी बनाया गया है। आयोजक एवं महाविद्यालय संस्थापक में पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव पूरे परिवार के साथ शामिल हुए। इस दौरान भार्गव ने अपने नाती आशुतोष का भी उपनयन संस्कार कराया। बटुकों का ब्रह्म मुहूर्त में पंच गव्य स्नान कराकर शुद्धि के बाद 11 विभिन्न स्थानों की मिट्टी का सिर पर लेप कर संस्कार शुरू हुए। नवीन वस्त्र धारण करके सभी हवन वेदी पर बैठे। और पंडितों ने विश्व कल्याण और शांति के लिए अनुष्ठान किया।

जगदीश शाला मंदिर में सुबह से ही माहौल धर्म मय हो गया। पंडाल में आचार्यों ने गायत्री मंत्र को कान में फूंक कर गुरु मंत्र पढ़ें तो देखने वाले भावुक हो गए। इन बटुकों के माता-पिता और परिजन भी भावुक हो गए। जब उनके बच्चे धर्मध्वजा हाथ में लेकर भिक्षा पात्र के साथ सबसे पहले भिक्षा दान संस्कार को बढ़ने लगे। धर्म सभा में सभी साधु संतों का सम्मान किया गया।

समारोह में महामंडलेश्वर हरि दास महाराज, महंत कमलापथ दास, ब्रजेश महाराज, डॉ प्रमोद शास्त्री, डॉक्टर देवेंद्र गुरु, बालमुकुंद शास्त्री, भगवत शास्त्री, पं.श्रीराम भार्गव, कुश भार्गव, मनोज तिवारी, शिवदत्त शुक्ला, सहित कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों ने सहभागिता निभाई।

# जामा कॉम्पलेक्स तीनबत्ती वाले बाबा की सवारी 16 और 17 जुलाई को शहर गश्त पर निकलेंगी

**सागर।** हजरत सैय्यद अहमद मक्की चिश्ती रह.अ.जामा काम्पलेक्स तीनबत्ती वाले बाबा की दरगाह पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी माह मोर्हरम की एक तारीख को बाबा के अकिदतमंदो, श्रद्धालुओं के द्वारा पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ वाद नमाज इंशा बाबा की दरगाह पर संदली चादर पेश की जाकर नातै पाक, सलाम व फ़ातिहा के बाद बाबा की सबारी आईं जहां बाबा ने अकिदतमंदो, श्रद्धालुओं से मुलाकात कर सभी अरकान पूरे करते हुये रुखसती ली तथा माह मोहर्रम के अवसर पर जामा मस्जिद ट्रस्ट कमेटी के द्वारा बाबा की दरगाह पर विशेष सजावट के साथ तबर्रुख ( प्रसादी ) का वितरण कराया गया। बाबा की सवारी प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष अशरफ खान ने जानकारी देते हुए बताया कि जामा काम्प्लेक्स वालें बाबा की सवारी 16 जुलाई दिन मंगलवार को बाद नमाज इशाँ रात 9 बजे शनीचरी वार्ड चौगना स्थित मौनू बाबा के निवास स्थान से प्रारंभ होकर शनीचरी खिन्नी मार्ग से नंदकिशोर होटल होकर शनीचरी चबूतरा, प्राइवेट बस स्टैंड से टाउन हॉल होकर दरगाह शरीफ पीली कोठी पर सलामी उपरांत पीटीसी ग्राउंड मार्ग से गोपाल गंज लाल स्कूल होकर झंडा चौक, तीन मढ़ियाि से तीनबत्ती होकर जामा मस्जिद से नमक मंडी होकर शुक्रवारी घस्सू मुंशी मस्जिद चौराहे से होकर मौनू बाबा के निवास स्थान तक तथा 17 जुलाई दिन बुधवार को बाद नमाज असिर शाम 5:00 बजे बाबा की सवारी शनीचरी चौगना स्थित मौनू बाबा के निवास स्थान से प्रारंभ होकर डिप्टी फर्स से झील बोट क्लब से तीन मढ़िया, बस स्टैंड से होकर बकौली तिराहा से तिली रोड स्थित करबला घाट तक गश्त करेगी। खान ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होने वाले तथा जिला एवं पुलिस प्रशासन से सहयोग की अपील की है।

# कभी ठंडक, कभी गर्मी से लोग बीमार, अस्पताल में मरीजों की भीड़, विशेषज्ञ डॉक्टरों की है कमी

## ग्रामीण क्षेत्र में बैठे झोलाछाप डॉक्टरों से उपचार की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



**लोग हो रहे बीमार:** बारिश से कभी ठंडक, बारिश न होने से गर्मी, उमस की अधिकता के कारण घर-घर मौसमी बीमारियों से पीड़ितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सर्दी, जुकाम, बुखार, बदन दर्द, सिर दर्द के साथ पेट दर्द और दस्त लगने के मरीजों की संख्या नगर और ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ने से सिविल अस्पताल खुलते ही मरीजों की भीड़ लग जाती है। सिविल अस्पताल में डाक्टरों का आना जाना मनमर्जी से बना रहता है। सरकारी अस्पताल आए मरीजों का उपचार करने के स्थान पर प्राइवेट में फीस लेकर मरीजों के उपचार, जांच की अधिकता में सबसे अधिक गरीब, मजदूर वर्ग के महिला, पुरूष परिवार निःशुल्क उपचार, दवाईयों एवं जांच कराने भारी हैरान परेशान बने रहते हैं। अस्पताल की मनमानी, फैली अव्यवस्थाओं के कारण जुगाड की राशि से प्राइवेट अस्पताल, डॉक्टरों से उपचार जांच कराना मजबूरी बन रहा है।

जून माह में संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र असहनीय गर्मी से तपता रहा। जुलाई में भी कमोवेश वैसे ही हालात बने हुए है। दो-चार दिन में एक बार बारिश हो रही है। जिसस निरंतर गर्मी, उमस का बना माहौल बीमार पड़ने का कारण बन रहा है।

क्षेत्र के सबसे बड़े सरकारी सिविल अस्पताल में प्रतिदिन सुबह से सैकड़ों मरीजों की भीड़ लग रही है। जितनी भीड़ सरकारी अस्पताल में लग रही है, उतनी संख्या प्रायवेट अस्पतालों और डॉक्टरों के यहा भी लग रही है। ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वा. केन्द्रों में डाक्टर न होने से गांव-गांव में बैठे तथाकथित झोलाछाप डाक्टरों से उपचार करवाना ग्रामीणों की मजबूरी बना हुआ है। वर्षो से बड़ी और सुविधापूर्ण भवन में सिविल अस्पताल चल रहा है। परंतु सिविल अस्पताल में रोग विशेषज्ञ डाक्टरों की वर्षो से कमी बनी हुई है। सामान्य रोगों का उपचार तो एमबीबीएस डाक्टर कर रहे हैं। महिला रोग विशेषज्ञ, ह्दय रोग, हड्डी रोग, सर्जरी इत्यादि के रोग विशेषज्ञ डॉक्टर न होने से गंभीर मरीजों को भोपाल, रायसेन रेफर किया जाता है। नगर में निजी अस्पताल खुल गए हैं, जहॉ गरीबों, मजदूरों, ग्रामीणों को जांच एवं उपचार पर भारी रकम खर्च करना मजबूरी बना रहता है।

# लकड़ी चोरों ने निजी स्वार्थ के लिए काट दिए कई पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



देश के प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री, सरकारी विभिन्न विभागों और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा जहां प्रतिदिन पौधरोपण किया जा रहा है। वही दूसरी ओर छींदधाम मार्ग पर पिछले 7-8 वर्षो पूर्व किए पौधरोपण के पेड़ जब बड़े हो गए तो लकड़ी चोरों और निजी स्वार्थ के लिए वृक्षों की जमकर कटाई होने से पर्यावरण वृक्षारोपण प्रेमियों में भारी आक्रोश होने के साथ वृक्षों को काटने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की मांग की जा रही है। जनवरी 24 में भी कुछ लोगों द्वारा वृक्षों को काटा गया था। जिसकी जानकारी स्थानीय अधिकारियों को दी गई थी।

### वृक्षों के काटने पर हो प्रभावी कार्यवाही

7-8 वर्षो पूर्व छींद मार्ग पर वृक्षारोपण, पर्यावरण प्रेमी शरद राठी की सक्रियता से सैकड़ों वृक्षों का सड़क के दोनों ओर रोपण किया गया था। जिससे छींद जाने आने वालो को छाया और हवा शुद्ध हो सके। प्रयास सफल हुआ। निरंतर प्रयासों से वृक्षों का बड़ा आकार हो गया। सवाल यह है कि हरे भरे वृक्षों को काटने नुकसान पहुंचाने पर कार्रवाई की जिम्मेदारी किसकी है। वृक्षों को काटे जाने की सूचना देने के बाद भी यदि दोषियों पर प्रभावी कार्यवाही नहीं होती है तो वृक्षारोपण करने का क्या लाभ। जिस प्रकार योजना और षडयंत्रपूर्वक छींदधाम मार्ग के दौनो हरे भरे वृक्षों को काटा गया, यदि दोषियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होती तो वृक्षो को अपने निजी उपयोग के लिए काटने नुकसान पहुंचाने वालों को हौसले ओर अधिक बुलंद बने रह सकते हैं।

### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने किया पौधरोपण

**ग्यारसपुर।** तहसील के ग्राम ओलिजा में मध्य प्रदेश डे राज्य आजीविका मिशन की महिलाओं के द्वारा एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया जिसमें परियोजना प्रबंधक संजय चौरसिया वित्त शाखा के जिला अधिकारी सुरेंद्र सिंह जिला प्रबंधक स्किल के प्रमोद राय जनपद ग्यारसपुर के एपीओ स्वप्निल सक्सेना पंचायत इंस्पेक्टर महेश कुशवाहा आजीविका मिशन की ब्लॉक प्रबंधक रेखा वर्मा जनपद सदस्य मनीराम कुशवाहा,फारूक अली खान की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा पौधारोपण किया गया । ग्राम पंचायत उघर कोटरा में प्रधानमंत्री आवास के जिला समन्वयक सविता जैन जनपद के अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत के सरपंच गायत्री कल्याण सिंह लोधी ग्राम के सचिव और रोजगार सहायक के द्वारा भी ग्राम में पौधारोपण किया गया।

### पौधे लगाए

**कस्वा बागरोद।** एक पेड़ मां के चल रहे अभियान के तहत कस्वा बागरोद पुलिस चौकी में पौधरोपण किया गया। जिसमें त्योंदा थाना प्रभारी एमएल भाटी उप निरीक्षक जे पी मालवीय सहित पुलिस बल, पत्रकार बंधु एवं गणमान्य नागरिक की उपस्थिति हुए त्योदा थाना परिसर एवं कस्बा बागरौद चौकी परिसर में कुल मिलाकर 30 पेड़ लगाए गए जिसमें मुख्य रूप से कटहल, आम, नींबू ,नीम,जामुन, एवं जमफल के पेड़ लगाए गए हैं। थाना प्रभारी ने अपील की कि आप लोग अपने खेत, घर आंगन मे पौधरोपण अवश्य करे ।

# नेशनल मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैन का स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नेशनल मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र जैन का विश्राम ग्रह में नगर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया से जुडे पत्रकारों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जैन ने कहा कि पत्रकारो के लिए सुरक्षा कानून के लिए संघर्ष जारी है। बताया कि महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सरकारो ने पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून बनाया है। वर्षो से नेशनल मीडिया फाउंडेशन द्वारा मप्र में भी पत्रकारों के लिए सुरक्षा कानून बनाने की मांग की जा रही है।

### बीमा अवश्य करवाएं

नगर के पत्रकारों से चर्चा करते हुए नेशनल मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्रकारों के लिए बीमा नियम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष अक्टूबर माह में पत्रकारो के बीमा की प्रक्रिया होती है। अधिमान्य पत्रकारों की 75 प्रतिशत राशि सरकार द्वारा और गैर अधिमान्य पत्रकारों की 50 प्रतिशत राशि सरकार द्वारा दी जाती है।

परिवार एवं स्वंय का स्वा. बीमा पत्रकारो से करवाने का आग्रह किया। इसी के साथ सितम्बर माह में उडिया के जगन्नाथपुरी में नेशनल मीडिया फाउंडेशन का राष्ट्रीय अधिवेशन होने और उसमें भाग लेने का सभी से आग्रह किया। चर्चा बैठक में वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ, संतोष मालवीय, पवन सिलावट, ब्रजेश श्रीवास्तव, राजीव तारण, लीलाधर साहू, निगार खान, सत्यनारायण रघुवंशी, आशीष रजक, यशवंत सराठे, अखिलेश भार्गव, गोविन्द डागर इत्यादि की उपस्थिति रही। सभी पत्रकारों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र जैन का पुष्पहारो से आत्मीय स्वागत कर खुल कर चर्चा में भाग लिया गया।

## निगम आयुक्त ने निर्माण कार्य का जायजा लिया

# झील के चकराघाट पर नवग्रह छतरियों का निर्माण पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री गुरुवार को प्रातः चकराघाट पहुंचे जहां उन्होंने घाटो की साफ सफाई का जायजा लेते हुए घाटों के सौंदर्यीकरण और नागरिकों के धार्मिक आस्थाओं और स्थित प्राचीन मंदिरों को ध्यान में रखते हुए नवग्रह छतरियो के किए गए निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए शेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देशो के साथ मंदिरों से निकलने वाली मालाओ और फूलों से स्थल पर ही खाद बनाने के लिए मंदिर क्षेत्र में आवश्यकतानुसार नाडेप पिट बनाने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि सागर की पहचान लाखा बंजारा झील का पर्यावरण और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्त्व ही नहीं बल्कि इस झील के किनारे चकराघाट पर कई देवी देवताओं के प्राचीन और ऐतिहासिक महत्व के मंदिर हैं जिनका धार्मिक दृष्टि से बडा महत्व और लोगों की इन मंदिरों के प्रति आस्था और श्रद्धा है। इसलिए विभिन्न त्योहारों और उत्सवों के अवसरों पर चकराघाट सहित झील के अन्य घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान कार्य सम्पन्न करते हैं तथा त्योहारों के अलावा भी प्रतिदिन नागरिको का यहां आना-जाना लगा रहता है, इसलिए इस झील के घाटों को विशाल स्वरूप देने और नागरिकों की आस्था और धार्मिक विश्वास को ध्यान में रखते हुए चकराघाट से गणेश घाट तक लाल पत्थरों से घाटों को तैयार कराया गया है, इसके साथ ही घाटों के किनारे नवग्रह छतरियों का प्राचीन भवन निर्माण शैली के अनुरुप निर्माण किया जा रहा है जो लगभग पूर्ण हो गया है लाल पत्थर से बने प्लेटफार्म और ख़भों सहित 9 छतरियो का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ।राजस्थान के माहिर पत्थर कारीगरों द्वारा लाल पत्थर से इन सुंदर छतरियो का निर्माण किया गया है जिनमे नवग्रह की प्रतिमायें विराजमान की जाएगी।

### मोहित साहू ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पास की

**कुरवाई।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार दिनेश साहू के सुपुत्र मोहित साहू ने थे इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ़ इंडिया की परीक्षा पास कर सीए बन कर नगर एवं साहू समाज को गौरवान्वित किया है। मोहित साहू ने अपने हायर सेकंडरी तक की शिक्षा कुरवाई में रहते हुए प्राप्त की उसके उपरांत पत्रकार दिनेश साहू ने विषम परिस्थितियों में रहते हुए अपने सुपुत्र को दिल्ली रखते हुए उच्च संस्कार और अच्छी शिक्षा दी है जिसके कारण आज उन्हें गौरवान्वित होने का अवसर मिला। मोहित साहू ने अपनी लगन और मेहनत के दम पर आज यह उपलब्धि प्राप्त की है। साहू की इस उपलब्धि पर नगर एवं समाज के नागरिकों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ बधाई दी।

# पुलिस ने मां के नाम अभियान के तहत लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर



थाना परिसर में थाना प्रभारी सीमा राय के साथ पुलिस स्टाफ के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत थाना परिसर में पौधरोपण का कार्य किया गया जिसमें थाना ग्यारसपुर में पदस्थ सभी पुलिस कर्मचारियों के साथ उनके परिजनों के द्वारा भी पौधरोपण किया गया खास बात यह रही पौधरोपण करते समय सभी पौधों में सुरक्षा गार्ड ट्री गार्ड लगाए गए साथ में ही सभी ट्री गार्ड मैं पदस्थ पुलिस कर्मचारियों ने अपने पद के साथ अपनी मां के नाम का भी उल्लेख किया गया है और अपनी मां के नाम पर यह पौधरोपण किया गया है। इतना सो व्यवस्थित पौधा रोपण बहुत ही काम देखने में आता है पेड़ पौधे अभियान के तहत तो लगाए जाते हैं परंतु उनकी सुरक्षा और देखे रेख के अभाव के चलते पौधा पनप नहीं पता और पौधा मर जाता है , थाना परिसर में पुलिस प्रशासन के द्वारा जो पौधे लगाए गए हैं। बहुत ही सुसज्जित तरीके से और व्यवस्थित कर पौधारोपण किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डां. प्रशांत चौबे द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण हेतु दिशा निर्देश दिए गए थे जिसके तारतम्य में नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना परिसर थाना ग्यारसपुर में कुल 23 पौधे थाना स्टाफ द्वारा सपरिवार लगाएं जिसमें आम, पीपल , बरगद, बेलपत्री, कटहल, जामुन , इमली, अमरुद, आदि के पौधे लगाकर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

## जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते बने हुए हैं ऐसे हालात

# 1 करोड़ लागत का सतधारा स्तूप सीसी रोड हुआ खराब, बिजली की भी नहीं है व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

पर्यटन स्थल सतधारा स्तूप पहुंचने के लिए जो सीसी मार्ग 1 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया था वह पूरी तरह से खराब हो चुका है। इसकी गिट्टियां तक उखड़ चुकी है। वहीं सतधारा स्तूप क्षेत्र में बिजली पानी की भी व्यवस्था नही है। जिसकी वजह से पर्यटक परेशान हैं। भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 रोड से सतधारा स्तूपों की दूरी लगभग 7 किलोमीटर है। यहां पर जाने के लिए 1 करोड़ रुपए की लागत से नहर से लगकर सीसी रोड डाला गया था। वह भी घटिया निर्माण के चलते जगह जगह से खराब हो गया है।

स्तूप परिसर में बिजली लाइट की व्यवस्था नही है। यहां पर रात भर सिर्फ 1 सोलर लाइट के भरोसे सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। और अभी गर्मी के मौसम में पर्यटकों यहां कम ही आते हैं। क्योंकि यहां पर छांव की कोई व्यवस्था भी नही है। पर्यटन विभाग को इस और ध्यान देकर सतधारा स्तूप क्षेत्र की व्यवस्थाएं बेहतर करनी चाहिए। गौरतलब है कि प्रदेश में बौद्ध स्तूपों की बात हो तो सांची के अलावा दूसरा नाम ही नहीं सूझता जबकि यही खासियत सतधारा स्तूप की भी है।

इसे राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों में शामिल तो किया गया है। लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव के चलते ये बौद्ध स्तूप वीरान पड़े हुए हैं। वहीं वर्ष 92 में यूनेस्को द्वारा यहां के विकास के लिए सर्वप्रथम 50 लाख रुपए की राशि दी गई थी। जिससे मात्र एक बाहरी दीवार व सीढ़ियां बनाई गईं और इस निर्माण पर भी यूनेस्को ने आपत्ति दर्ज कराई थी। उसके बाद कई बार करोडों रुपए की राशि यहां के विकास के लिए आई। और उस राशि से सतधारा बौद्ध स्तूप क्षेत्र में कई विकास कार्य करवाए गए हैं। उसके बाद भी सतधारा बौद्ध स्तूपों को सांची जैसी प्रसिद्ध नही मिल पाई।





### भोपाल विदिशा मुख्यमार्ग से 7 किमी की दूरी पर स्तिथ हैं सतधारा के स्तूप

*सतधारा स्तूप की प्रसिद्धि और यहां सुविधाओं के नाम पर कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा है। विडंबना यह है कि वह पूरातत्व विभाग सतधारा के स्तूपों का अच्छे से प्रचार-प्रसार नहीं कर रहा है। वहीं यूनेस्को द्वारा प्रदत राशि से किया गया निर्माण कार्य भी संतोषजनक नहीं है। वर्ष 99 में हुए इस जीणोद्धार के बाद जनवरी 2005 में यूनेस्को के पुरा-विशेषज्ञों के दल ने इस पर असंतुष्टि जताते हुए इस को तोड़कर दोबारा निर्माण करने के निर्देश दिए थे। एक विचित्र स्थिति यह भी है कि उक्त भूमि पहले वन विभाग के अधीन थी। काफी समय बाद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास ट्रांसफर हुई है। यहां बिजली, संचार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। यहां आने के लिए करोडों रुपए की राशि का सड़क मार्ग भी नया बनाया गया था। लेकिन वह भी अब जगह-जगह से खराब हो चुका है। उसके बाद भी पर्यटक यहां आने में असमर्थ होते हैं। इसलिए सांची से अधिक सुंदर इस स्थान को ना तो प्रसिद्धि मिल पा रही है। और और ना ही पर्यटन की दृष्टि से कोई लाभ हो पा रहा है। पुरातत्व विभाग द्वारा प्रशासन को कई बार पत्र लिखे जाने के बावजूद भी यहां पर व्यवस्थाएं नहीं सुधरी है।*

### 272-238 ईसा पूर्व में बनवाया था ईंटो का स्तूप

हलाली नदी के दाएं किनारे पहाड़ी पर स्थित बौद्ध स्मारक सताधारा की खोज ए कन्धिम ने की थी। मौर्य सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए स्तूप का निर्माण कराया था। इस स्थल पर छोटे-बड़े कुल 27 स्तूप, दो बौद्ध बिहार तथा एक चैत्य है। वर्ष 1989 में इस स्मारक को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित किया गया। ईसा पूर्व 272-238 में सम्राट अशोक ने सांची स्तूप निर्माण के समय ही सतधारा में ईंटों का स्तूप बनवाया था। यहां मौजूद वैदिक स्तंभ में कमल पुष्प, आलेख सिंह, वेष्टित वृक्ष, मानवाकृति आदि अलंकरण सहित दानदाताओं के कई अभिलेख भी हैं। उत्खनन के दौरान बौद्ध सारिपुत्र तथा महागोपालन के अस्थि अवशेष मिले। यहां शैलाश्रय में बौद्ध का व्यक्ति चित्र, आठ स्तूप, बारह बिहार और एक मंदिर है। यह स्थान मौर्य काल में विकसित हुआ और गुप्त काल से इसकी उपेक्षा शुरू हुई।

### इनका कहना है

*कुछ समय पहले पर्यटकों के बैठने के लिए सतधारा में लगभग 6 गजीफे बनाए गए थे। उनका भी घटिया निर्माण किया गया है। वो अभी से ही टूटने लगे हैं। यह स्थान सांची से कहीं अधिक सुंदर है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले सतधारा स्तूपों तक जाने के लिए सड़क नही थी। सड़क निर्माण तो हुआ लेकिन अब सड़क जगह-जगह से खराब हो चुकी है। पर्यटक सांची जितना यहां पर नहीं आते हैं।*
**रघुवीर मीणा**, सरपंच राताताई

*मैं पिछले हफ्ते बड़े ही हर्ष, उल्लास और उमंग के साथ सतधारा के बौद्ध स्तूप अपने परिवार के साथ गया था। मन में कई सारी उमंगे और उत्सुकता थी कि वहां के स्तूप की प्राकृतिक सौन्दर्यता तो मंत्रमुग्ध कर देगी किन्तु तब परिवार और बच्चों के साथ वहां जाना एक श्राप और सजा जैसा लगा। क्योंकि यहां सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नही है, जबकि यह स्थान सांची से सुंदर है। हमारा तो सारा मजा ही किरकिरा हो गया और हमें स्तूप का आनंद लिए बिना ही घर वापस लौटना पड़ा।*
**समीर यादव**, पर्यटक भोपाल

## सभी थाना परिसरों में भी किया पौधरोपण

# कलेक्टर-एसपी ने पुलिस लाइन में किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

जिले में चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान ''एक पेड़ मॉं के नाम'' के तहत गुरूवार को पुलिस विभाग द्वारा जिला मुख्यालय सहित सम्पूर्ण जिले में स्थित थाना परिसरों में पुलिसकर्मियों द्वारा पौधरोपण किया। रायसेन स्थित पुलिस लाईन में कलेक्टर अरविंद दुबे तथा पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल द्वारा पौधरोपण किया।



कलेक्टर ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हेतु शुरू किए गए एक पेड़ मॉं के नाम अभियान अंतर्गत सम्पूर्ण जिले में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से भी इस अभियान में सहभागिता कर पौधरोपण की अपील की है।

एसपी विकास शहवाल ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा एक पेड़ मॉं के नाम अभियान के तहत सम्पूर्ण प्रदेश में पौधे रोपित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस लाइन सहित जिले में स्थित सभी थाना परिसरों में लगभग 1500 से अधिक पौधे रोपित किए गए हैं। पुलिस लाइन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारियों तथा पुलिसकर्मियों द्वारा भी पौधरोपण किया गया।

### थाना भारकच्छ में शांति समिति की बैठक संपन्न

बाड़ी। बुधवार को आगामी त्योहार मोहर्रम, गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में थाना परिसर भारकच्छ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत सीओ दानिश अली, तहसीलदार प्रमोद कुमार बाड़ी, थाना प्रभारी भारकच्छ विनोद परमार राजस्व, पंचायत, पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण के साथ ग्राम के गणमान्य व्यक्ति के साथ ग्राम वासियों से शांति पूर्वक त्योहार मनाने की समझाइश दी गई।

# प्राथमिक शाला का पुराना जर्जर भवन दे रहा है हादसों को न्योता

## दो साल पहले मेन गेट गिरने से एक बच्ची की हो गई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सलामतपुर

रायसेन जिले के सांची विकासखंड और सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अम्बाड़ी गांव में 60 से 70 साल पुराने प्राथमिक शाला का भवन जर्जर हालत में खड़ा हुआ है। हालांकि यहां पर अब बच्चे नहीं पढ़ते हैं। इसी जर्जर भवन के पीछे नए भवन बने हुए हैं उनमें क्लास लगती हैं। लेकिन बच्चे इसी भवन के पास से निकलकर नए भवन में पढ़ाई करने जाते हैं। जिससे खतरा बना रहता है।

वहीं 21 अप्रैल 2022 को स्कूल की एक छात्रा खेलते खेलते अन्य बच्चों के साथ इस जर्जर भवन के पास पहुंच गई थी स्कूल का मेन गेट पिलर सहित बच्ची के ऊपर गिर गया था। जिससे उसके नीचे दबकर मौके पर बच्ची की मौत हो गई थी।

### हादसे से भी प्रशासन ने नहीं लिया कोई सबक



मगर उस हादसे में भी शासन प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया और उक्त जर्जर भवन आज भी खड़ा हुआ है, जो हादसों को न्योता दे रहा है। इस जर्जर भवन के गिरने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जब कोई हादसा होता है तो प्रशासन औपचारिकता निभाने के लिए छोटे-छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई करता है। मगर ऐसे हादसे दोबारा ना हो इसके लिए प्रबंध नहीं किए जाते हैं। जिसकी वजह से कई इंसान मौत के आगोश में चले जाते हैं।

# 6 कमरों के पीजी कॉलेज में 11 कक्षाएं होगी संचालित

## » विधानसभा मुख्यालय के सरकारी महाविद्यालय की व्यवस्था उतरी पटरी से नीचे, विद्यार्थियों तथा कक्षाओं के मान से कमरों की नहीं है उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिलवानी

जिले के शासकीय पीजी महाविद्यालय सिलवानी में व्यवस्थाए दम तोड़ रही है। उच्च शिक्षा अध्ययन करने के इच्छुक छात्र छात्राओं को महाविद्यालय में माकूल व्यवस्था नहीं मिल पा रही है। फलस्वरुप अव्यवस्था के चलते विभिन्न कक्षाओ में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा अध्ययन करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। परंतु प्रदेश वासियों को बेहतर सुविधा व सहूलियत उपलब्ध कराने का दंभ भरने वाले जन प्रतिनिधि विधानसभा मुख्यालय के पीजी महाविद्यालय की पटरी से उतर चुकी व्यवस्था को पटरी पर लाने को लेकर सक्रियता नही दिखा रहे है, बल्कि अपनी ढपली अपना राग अलापने में लगे हुए है और बेचारा विद्यार्थी अव्यवस्था के बीच ही अध्यापन कार्य करने को मजबूर है।

विधानसभा मुख्यालय पर स्थित शासकीय पीजी महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को बैठ कर अध्यापन कार्य करने की कोई व्यवस्था नही है, जिससे उन्हें अध्यापन कार्य करने में असुविधा हो रही है, परंतु उच्च षिक्षा विभाग विद्यार्थियो की समस्या से कोई सरोकार नही रख रहा है।

**खास बातें**

- अव्यवस्था के बीच अध्यापन कार्य करने को मजबूर छात्र छात्राएं
- जन प्रतिनिधि व उच्चाधिकारी व्यवस्था को पटरी पर लाने नहीं है गंभीर




### 6 कमरों में संचालित होगी 11 कक्षाएं

*नगर के सरकारी पीजी महाविद्यालय में बीए, बीकॉम, बीएससी, एमए की कुल 11 कक्षाए संचालित है जिसमें कि वर्तमान में करीब 8 सौ विद्यार्थी अध्ययनरत है, अभी भी महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओ में प्रवेश लेने का सिलसिला जारी है। प्रवेश लेने की कार्रवाई के चलते विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। लेकिन उच्च शिक्षा विभाग छात्र छात्राओ को सुविधा उपलब्ध कराने मे अक्षम सावित हो रहा है। फलस्वरुप विद्यार्थियों में असंतोष देखा जा रहा है।*

### 1989 में प्रारंभ हुआ था कॉलेज

*नगर में शासकीय महाविद्यालय का आरंभ वर्ष 1989 में बीए की 3 कक्षाओं के साथ किया था। उस समय आदिवासी कल्याण विभाग के द्वारा संचालित गांधी आश्रम के एक हॉल तथा 2 कमरो में हुआ था। करीब 30 साल तक कॉलेज उक्त भवन में ही संचालित होता रहा। वर्ष 2010 में कॉलेज भवन का निर्माण होना बताया जा रहा है। करीब 13 साल पूर्व भवन का निर्माण उस समय संचालित हो रही 6 कक्षाओ व छात्र संख्या के मान से किया था, लेकिन वर्तमान में 11 कक्षाए पीजी महाविद्यालय में संचालित है जिनमे कि अभी तक करीब 800 विद्यार्थी अध्ययनरत है। विद्यार्थियों व पालको ने जन प्रतिनिधियो व उच्च शिक्षा विभाग से महाविद्यालय की व्यवस्थाए सुधारने की मांग की हैं।*

### खबर संक्षेप

#### जिला रोजगार कार्यालय में 20 को रोजगार मेला

**रायसेन।** जिला रोजगार कार्यालय रायसेन में 20 जुलाई को विभिन्न कम्पनियों द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष तक की आयु के आवेदकों की भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक 20 जुलाई 2024 को प्रातः 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय रायसेन में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। इस हेतु कोई मार्ग व्यय नहीं दिया जाएगा।

#### आईटीआई में प्रवेश के लिए पुनः पंजीयन प्रांरभ

**रायसेन।** मध्यप्रदेश की समस्त शासकीय आईटीआई में विभिन्न व्यावसायिक पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु शेष सीटों पर नवीन पंजीयन, च्वाईस फिलिंग एवं आवेदन में त्रुटि सुधार 17 जुलाई 2024 तक करा सकते हैं । इच्छुक अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम से अपने स्तर पर अथवा ऑनलाईन सहायता केन्द्रों के माध्यम से विभाग के पोर्टल पर 17 जुलाई तक नवीन पंजीयन/ त्रुटि सुधार एवं च्वाईस फिलिंग करा सकेंगे। जिले में संचालित 6 शासकीय आईटीआई रायसेन, मंडीदीप, देवरी, गैरतगंज, बेगमगंज एवं सिलवानी में विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाता है।

# नियमों को ताक पर रखकर नेशनल हाईवे पर बने 5 स्पीड ब्रेकर




हरिभूमि न्यूज ▸▸ सांची

सांची से विदिशा को जोड़ने वाली नेशनल हाईवे सड़क पर कई स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं वैसे तो नेशनल हाईवे पर स्पीड ब्रेकर बनाने का कोई प्रावधान नहीं है मगर आसपास के गांव के लोगों की शिकायत पर यातायात नियमों का पालन करते हुए एक दो स्पीड ब्रेकर बना दिए जाते हैं, जिससे कि कोई दुर्घटना ना हो मगर यहां तो ऐसा कुछ देखने को नहीं मिलता की यातायात के कोई नियमों का पालन हुए हो एक दो की जगह 5 का स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं। स्पीड ब्रेकर बनाने के पहले चेतावनी चिन्ह बनाए जाते हैं और साथ ही पीला या सफेद पेंट या रेडियम लगाया जाता है जिससे कि वाहन चालक को दिन-रात में ब्रेकर देखने में आसानी हो कोई बड़ी दुर्घटना होने से बच सकते हैं मगर यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

लोगों के वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे है, तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों को ब्रेकर दिखाई नहीं देते इसलिए वहां पर दुर्घटना होने का डर बना रहता है।

## सरकारी हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में ऑनलाइन कॅरियर मार्गदर्शन, डीईओ को दिए गए निर्देश

**रायसेन।** प्रदेश के सरकारी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिये कैरियर मार्गदर्शन होगा। इसके लिये नोडल शिक्षकों को वेबिनार के माध्यम से प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई है। वर्तमान में विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिये यू-रिपोर्ट के माध्यम से लाईव-11 कोर्स का उपयोग प्रदेश के सीएम राइज और पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थी उपयोग कर रहे हैं।

कैरियर मार्गदर्शन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय की समझ एवं कैरियर के महत्व को समझाना और कक्षा 10वीं के बाद विषय संबंधित निर्णय लेने में सहायक बनाना है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध कैरियर के बारे में जानकारी दी जायेगी।

## 9 युवाओं का किया गया चयन

# सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर के चयन हेतु भर्ती शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच द्वारा सुरक्षा गार्ड और सुपरवाईजर पद पर चयन हेतु भर्ती शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को उदयपुरा जनपद पंचायत में भर्ती शिविर का आयोजन किया। शिविर में 25 युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 9 युवाओं का चयन किया गया।

जनपद पंचायत बाड़ी में 12 जुलाई को, औबेदुल्लागंज में 15 जुलाई और सांची में 16 जुलाई को यह भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह शिविर संबंधित जनपद पंचायत प्रांगण में निर्धारित तिथियों में प्रातः 11 से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।




इन भर्ती शिविरों में 21 से 36 वर्ष की आयु के न्यूनतम 10वीं पास बेरोजगार युवा शामिल हो सकते हैं। आवेदक की ऊंचाई 168 सेमी, वनज न्यूनतम 55 किलो होना चाहिए। चयनित होने पर 350 रू एवं प्रशिक्षण व्यय 10000 रू का भुगतान युवक को प्रशिक्षण केन्द्र नीमच में स्वयं करना होगा।

## हाईवे 18 पर दुर्घटनाओं का ग्राफ दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा

# कार ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 दीवानगंज कलारी के सामने गुरुवार सुबह 6:30 बजे के लगभग कार ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से तो दो व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के जानकारी की सांची निवासी राजू अहिरवार, अनिकेत और एक अन्य व्यक्ति काम करने के लिए सांची से भोपाल जा रहे थे। गुरुवार को सुबह 6:30 के लगभग जैसे ही दीवानगंज कलारी के सामने पहुंचे तो भोपाल की तरफ से आ रही एक सफेद कार क्रमांक एमपी 04 जेड सी 0931 ने रॉन्ग साइड आते हुए जोरदार टक्कर बाइक को मार दी। जिससे बाइक पर सवार राजू अहिरवार पिता बंसी लाल अहिरवार उम्र 24 वर्ष निवासी सांची गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं अनिकेत और अन्य एक व्यक्ति को मामूली सी चोट आई है।




राजू पिता बंसीलाल अहिरवार को दीवानगंज जननी 108 द्वारा सांची अस्पताल भेजा गया जहां से विदिशा रेफर कर दिया गया है जहां पर घायल इलाज जारी है। वही प्रत्यक्ष दर्शी द्वारा बताया गया कि कार रॉन्ग साइट आते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मारी है। टक्कर मारने के बाद कार चालक कार लेकर भाग रहा था तो 1 किलोमीटर दूर जाकर बरजोर पुर जोड़ पर कार बंद हो गई। कार चालक कार छोड़कर भाग गया। घटनास्थल पर दीवानगंज पुलिस पहुंची। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

बता दें कि भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर दुर्घटनाओं का ग्राफ दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। ऐसा कोई सा दिन नहीं जाता जिस दिन इस रोड पर दुर्घटना नहीं होती हो।

## अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटी बस, 25 यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

जिले के गोहरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत भोपाल-जबलपुर हाईवे पर 34 मील के पास गुरुवार शाम को एक बस तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में कुल 55 यात्री सवार थे, इनमें से 25 घायल हो गए। इनमें से सोलह गंभीर घायलों को भोपाल स्थित एम्स अस्पताल रेफर किया गया है। दो महिलाओं प्रीति और संतोषी बाई के हाथ धड़ से अलग हो गए तथा धर्मदास का सिर में गंभीर चोट आई है। सभी घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। बस भोपाल से बनखेड़ी जा रही थी।

